हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 22 मार्च 2026

06 बैतूल जिले के 50 हजार किसानों पर 208 करोड़...
07 जिलेभर की मस्जिदों में विशेष नमाज अदा की








## खबर संक्षेप

### भाजपा नेता पर जानलेवा हमला,भोपाल रेफर

**पिपरिया।** नयागांव में भाजपा नेता सोनू सूद पर शनिवार को पुरानी रंजिश के चलते जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। अज्ञात हमलावरों ने हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल नेता को तत्काल पिपरिया के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें भोपाल रेफर कर दिया गया। पुलिस के अनुसार, यह हमला पूर्व की किसी रंजिश से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। थाना प्रभारी विजय सनस ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी गई है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की गई है। घटना के बाद इलाके में तनाव और चर्चाओं का माहौल है। पुलिस प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है। वहीं स्थानीय नेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों ने थाने पहुंचकर मामले में जल्द कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। विधायक ठाकुरदास नागवंशी व भाजपा विधानसभा प्रभारी नवनीत नागपाल भी थाने पहुंचे और तत्काल प्रभाव से कार्यवाही हेतु थाना प्रभारी को निर्देश दिए गए हैं।

### राज्य स्तरीय फुटबॉल स्पर्धा का हुआ भव्य शुभारंभ

**नर्मदापुरम।** रेलवे बॉयस फुटबॉल क्लब द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ भव्य शुभारंभ मुख्य अतिथि कांग्रेस जिला अध्यक्ष गुड्डन पांडे, मंडल अध्यक्ष भाजपा राहुल चौरे, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी, डीएमई आशीष झारिया, एईएन इंजीनियरिंग समय सिंह मीणा, इटारसी थाना प्रभारी गौरव बुंदेला आदि की उपस्थिति में शुभारंभ हुआ। पहला मैच बानापुरा विरुद्ध एनएफसी के मध्य खेला गया जिसमें एनएफसी ने एक तरफ जीत हासिल कर 6-0 से जीत हासिल की एवं दूसरे दौर में प्रवेश किया दूसरा मैच गुरुकुल होशंगाबाद एवं यंग बॉयज नया या इटारसी के मध्य खेला जा रहा है। उक्त जानकारी प्रतियोगिता के प्रवक्ता हेमराज सिसोदिया ने प्रदान की। आज दो मैच खेले जाएंगे पहला मैच नर्मदापुरम, नर्मदा फुटबॉल क्लब वर्सेस फाइटर इटारसी 4:30 बजे, दूसरा मैच रेलवे बॉयज फुटबॉल क्लब विरुद्ध ऑर्डनेंस फैक्ट्री के मध्य 5,30 बजे से खेला जाएगा।

# पचमढ़ी अपने मनमोहक प्राकृतिक सौंदर्य, शांत वातावरण, झरनों की मधुर ध्वनि और आध्यात्मिक स्थलों के कारण पर्यटक का केंद्र बनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले सतपुडा पर्वत श्रंखला की वादियों में बसी सतपुड़ा की रानी पचमढ़ी अपने मनमोहक प्राकृतिक सौंदर्य, शांत वातावरण, झरनों की मधुर ध्वनि और आध्यात्मिक स्थलों के कारण देश-विदेश के पर्यटकों का प्रमुख आकर्षण बनी हुई है। पर्यटन को और अधिक सुगम, व्यवस्थित एवं आकर्षक बनाने के उद्देश्य से जिला पर्यटन कार्यालय, नर्मदापुरम द्वारा पचमढ़ी के प्रमुख पर्यटन स्थलों की एक विस्तृत एवं उपयोगी गाइड जारी की गई है। यह गाइड पर्यटकों को न केवल विभिन्न स्थलों की जानकारी उपलब्ध कराती है, बल्कि यह भी बताती है कि किन स्थानों तक कैसे पहुँचना है, उनकी दूरी कितनी है तथा कहाँ अनुमति आवश्यक है। इससे पर्यटकों की यात्रा अधिक सुरक्षित, सुविधाजनक और यादगार बन सकेगी।



### पचमढ़ी-हर कदम पर नया अनुभव

पचमढ़ी में आस्था, इतिहास और प्रकृति का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। धार्मिक स्थलों में जटाशंकर गुफा, गुप्त महादेव, बड़ा महादेव मंदिर तथा चौरागढ़ महादेव विशेष आकर्षण हैं। वहीं पांडव गुफाएं ऐतिहासिक एवं पौराणिक महत्व के लिए प्रसिद्ध हैं। प्राकृतिक सौंदर्य के अंतर्गत बी फॉल (जमुना प्रपात), अप्सरा विहार, डचेस फॉल तथा रजत प्रपात पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। सूर्योदय एवं सूर्यास्त के अद्भुत दृश्यों के लिए धूपगढ़, प्रियदर्शिनी पॉइंट, हांडी खोह, ईको पॉइंट और ग्रीन वैली प्रमुख स्थल हैं। इसके अलावा पचमढ़ी झील, बेगम पैलेस तथा सतपुड़ा राष्ट्रीय उद्यान जैसे स्थल भी यात्रा को और अधिक खास बनाते हैं।

### पर्यटकों के लिए जरूरी सुझाव

गाइड में पर्यटकों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए हैं, जिनमें कुछ स्थलों के लिए वन विभाग की अनुमति, निर्धारित समय एवं मार्गों का पालन, प्लास्टिक उपयोग से बचाव तथा एडवेंचर स्थलों पर गाइड लेना अनिवार्य बताया गया है। "स्वच्छ पचमढ़ी, सुंदर पचमढ़ी" के संदेश के साथ पर्यावरण संरक्षण पर भी विशेष जोर दिया गया है।



### हर मौसम में खास, हर पल यादगार

पचमढ़ी में लगभग 15 से 20 प्रमुख पर्यटन स्थल हैं, जो प्रकृति, रोमांच और आध्यात्मिक अनुभव का अनूठा संगम प्रस्तुत करते हैं। जिला पर्यटन कार्यालय द्वारा जारी यह नई गाइड पर्यटकों को एक संपूर्ण, सुरक्षित और यादगार यात्रा अनुभव प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगी।

## रसूलिया नेशनल हाईवे पर लगे होर्डिंग पर नहीं जा रहा जिम्मेदारों का ध्यान

# स्ट्रीट लाइट पोलों पर टंगे अवैध होर्डिंग कभी भी बन सकते हैं हादसे का कारण

रसूलिया क्षेत्र की फोरलेन सड़क के बीचों-बीच लगे स्ट्रीट लाइट पोलों पर निजी कॉलोनाइजरों द्वारा बड़े-बड़े विज्ञापन बोर्ड टांग दिए गए हैं। जिससे आमजन की सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




शहर की सड़कों पर लगे बिजली के पोल इन दिनों अवैध होर्डिंग लगाने का माध्यम बनते जा रहे हैं। जिम्मेदार विभागों की अनदेखी के चलते यह समस्या लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे आमजन की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। विशेष रूप से रसूलिया क्षेत्र स्थित फोरलेन सड़क के बीचों-बीच लगे स्ट्रीट लाइट पोलों पर निजी कॉलोनाइजरों द्वारा बड़े-बड़े होर्डिंग बोर्ड टांग दिए गए हैं। ये होर्डिंग बिना किसी अनुमति के लगाए गए प्रतीत होते हैं, जो नियमों का खुला उल्लंघन है। तेज हवा चलने पर ये होर्डिंग इधर-उधर हिलते-डुलते रहते हैं। ऐसे में इनके गिरने की आशंका बनी रहती है, जिससे सड़क पर गुजरने वाले वाहन चालकों और राहगीरों के लिए हमेशा दुर्घटना का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार इस संबंध में शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

### जिम्मेदारों की चुप्पी से बढ़ रहा खतरा

नगरीय प्रशासन और विद्युत विभाग की उदासीनता के चलते यह समस्या और गंभीर होती जा रही है। नियमों के अनुसार बिजली के पोलों पर इस प्रकार के निजी होर्डिंग लगाना प्रतिबंधित है, फिर भी खुलेआम नियमों की अनदेखी की जा रही है।

### अवैध होर्डिंग्स से बिगड़ रही स्वच्छता की तस्वीर

नर्मदापुरम नगर पालिका इन दिनों स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों में जुटी हुई है। शहर को साफ-सुथरा और व्यवस्थित दिखाने के प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि बेहतर रैंकिंग हासिल की जा सके। इसके तहत सड़कों पर रोशनी की उचित व्यवस्था भी की गई है, जहां बिजली के पोलों पर दूधिया बल्ब लगाकर आमजनों को रात में सुविधा प्रदान की जा रही है।

### नियमों की अनदेखी से नगर पालिका पर बढ़ा खतरा

इसी बीच, कुछ निजी कॉलोनाइज़र द्वारा बिना अनुमति बिजली के पोलों पर अवैध होर्डिंग्स टांगे जा रहे हैं। ये होर्डिंग्स न केवल राहगीरों के लिए खतरनाक साबित हो सकते हैं, बल्कि शहर की सुंदरता और स्वच्छता व्यवस्था को भी प्रभावित कर रहे हैं। सबसे अहम बात यह है कि इस तरह की अव्यवस्था स्वच्छ सर्वेक्षण के मानकों के विपरीत है, जिसका सीधा असर नगर पालिका की रैंकिंग पर पड़ सकता है। हालांकि कॉलोनाइज़र इन होर्डिंग्स के माध्यम से अपना प्रचार-प्रसार कर रहे हैं, लेकिन इसके कारण नगर पालिका के अंक कटने का खतरा बढ़ गया है। ऐसे में समय रहते इन अवैध होर्डिंग्स पर कार्रवाई करना बेहद आवश्यक हो गया है।

**जल्द हटवाएंगे**

रसूलिया स्थित फोरलेन सड़क के बीच में कुशाभाऊ ठाकरे ओवर ब्रिज पर किसी कॉलोनाइजर ने प्रचार-प्रसार करने अवैध होर्डिंग्स टांगे है। इन्हें जल्द हटवाया जाएगा।

**नीतू महेंद्र यादव**,नपाध्यक्ष नर्मदापुरम

# बारात में हवाई फायर करने पर बंदूक जब्त निरस्त होगा लाइसेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरी हरचंद में फरवरी 2026 में एक बारात में बंदूक से हवाई फायर किया गया था। जिसकी शिकायत सोहागपुर पुलिस थाने में की गई थी। पुलिस के अनुसार प्रकरण में हवाई फायर करने वाले आरोपी अभय पुरी गोस्वामी तथा शस्त्र लाइसेंसधारक प्रशांत पटेल से 12 बोर बंदूक लाइसेंस सहित जप्त की गई है। एएसआई गणेश राय के अनुसार शस्त्र लाइसेंस की शर्तों का उल्लंघन करने पर लाइसेंसधारक प्रशांत कुमार पिता भैरोंसिंह पटेल उम्र 41 साल निवासी ग्राम गोल हाल सेमरी हरचंद के विरुद्ध धारा 30 आर्म्स अधिनियम का इजाफा किया गया है। अग्रिम कार्रवाई शस्त्र लाइसेंस के निरस्त कराने की होगी।

### दिए निर्देश

पुलिस ने थाना क्षेत्र के सभी शस्त्र लाइसेंसधारियों को निर्देश दिये हैं कि शस्त्र लाइसेंस की सभी शर्तों का पालन करें। इनका उल्लंघन करने पर विधि अनुसार कार्रवाई की जाएगी। संबंधित मामले में पूरी कार्रवाई वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार एसडीओपी तथा टीआई के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी सेमरी हरचंद आकाशदीप पचाया द्वारा की जा रही है।

### 99 हजार की धोखाधड़ी का मामला सामने आया

**नर्मदापुरम।** कपड़ें बुकिंग की राशि वापस करने के नाम पर 99 हजार की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। फरियादी ने इसकी रिपोर्ट देहात थाने में दर्ज कराई है। देहात थाने से मिली जानकारी के अनुसार 19 मार्च 2026 सुबह 10.30 बजे फरियादिया रूबी फौजदार पति निर्वेश फौजदार निवासी रसूलिया पेट्रोल पंप के पास मोबाईल धारक जिसका नंबर पर जोडिएक कंपनी से बोलने व कपड़े बुकिंग की राशि वापस करने की राशि एकांउट से हड़पकर धोखाधड़ी करने पर शिकायत की है। जिले में धोखाधड़ी के मामले इन अधिक संज्ञान में आ रहे है। पिछले दिनों भी एसपी साईंकृष्णा एस थोटा ने सिवनी मालवा में हुई धोखाधड़ी का खुलासा किया था उस समय बताया था जिले में अभी लंबित प्रकरण बांकी है जिस पर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि सायबर विशेषज्ञों की नई टीम बनाई गई है जो हर घटनाक्रम पर बारिकी से नजर बनाएं हुए है।

# सीवरेज परियोजना का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्य प्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी के परियोजना प्रबंधक सुबोध जैन द्वारा नर्मदापुरम सीवरेज परियोजना का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने परियोजना की गुणवत्ता, समय-सीमा एवं प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया। इस दौरान उपयंत्री पीआईयू एवं संविदाकार के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। गौरतलब है कि नर्मदापुरम में सीवरेज परियोजना का कार्य जर्मन बैंक केएफडब्ल्यू के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। यह परियोजना नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत मध्य प्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी द्वारा क्रियान्वित की जा रही है।



### न्यूनतम में आई 1.8 डिसे की गिरावट

**नर्मदापुरम।** जिले में मौसम ने अचानक करवट ली है, बीते दिन बारिश के बाद शनिवार को दिनभर बादलों की आमद के कारण मौसम में ठंडक बनी रही। तापमान में गिरावट से लोगों को राहत मिली है। शनिवार को अधिकतम तापमान 33.7 डिसे और न्यूनतम तापमान 18 डिसे दर्ज किया गया। मौसम में आए बदलाव से रात के समय गुलाबी ठंड का अहसास एक बार फिर होने लगा है। न्यूनतम तापमान 1.8 डिसे की गिरावट के बाद 18 डिसे पर जाकर ठहरा है।

# मां नर्मदा तट पर लोगों ने बनाई मानव श्रृंखला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत पर्यटन घाट स्थित मां नर्मदा के पावन तट पर जन अभियान परिषद के कार्यकर्ताओं एवं विद्यार्थियों द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर जल संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया गया। इस दौरान उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने जल स्त्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने और उनके संरक्षण हेतु सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।



कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे न केवल मां नर्मदा, बल्कि किसी भी जल स्त्रोत के आसपास गंदगी नहीं करेंगे और न ही किसी अन्य को ऐसा करने देंगे। उन्होंने जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने की दिशा में निरंतर कार्य करने की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की। इस अवसर पर एसएसडब्लयू एवं बीएसडब्लयू के छात्र-छात्राओं के साथ मेंटर्स एवं साथियों की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम में नीरज चतुर्वेदी, अभिषेक सैनी, विनीत यादव, नवांकुर संस्था से साहिल तिलोटिया, वीणा पाणि संगीत एवं सामाजिक संस्था नर्मदापुरम से आनंद नामदेव सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों ने मिलकर स्वच्छता का संदेश दिया और जल संरक्षण के महत्व को रेखांकित करते हुए समाज को जागरूक करने का आह्वान किया।

## किसानों के अनुसार लगभग 10 प्रतिशत तक गेहूं दाने का रंग हुआ फींका

# दो दिन की बारिश से फीकी हुई गेहूं की चमक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नर्मदापुरम जिला क्षेत्र में गुरुवार तथा शुक्रवार की रात्रि को तीव्र हवाओं के साथ बारिश हुई है। जिसके चलते किसानों में चिंता व्याप्त हो गई है। क्योंकि बारिश तथा हवा के माहौल से गेहूं फसल के उत्पादन पर निश्चित रूप से प्रभाव पड़ना तय हो गया है।

क्षेत्रीय किसानों शारदेंदु चौधरी, राममूर्ति रघुवंशी, पवन वर्मा, ओम प्रकाश शर्मा आदि ने बताया कि दो दिन हुई बारिश के कारण गेहूं के फसल की कटाई के बाद निश्चित रूप से यह स्पष्ट होगा कि दाने की चमक बहुत कम हो गई है। किसान शारदेंदु चौधरी ने कहा कि लगभग 10 प्रतिशत दाना चमक विहीन हो जाएगा। जिसके कारण समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी प्रारंभ होने पर गेहूं को नॉन एफएक्यू श्रेणी में शामिल किया जा सकता है। किसानों के अनुसार अब आवश्यकता है कि मौसम से प्रभावित फसल को देखते हुए मध्य प्रदेश सरकार समर्थन मूल्य खरीदी के दौरान निर्धारित नियमों को तनिक शिथिल करे, ताकि मौसम के प्रभाव से गेहूं को हुई डिस्कलरिंग जैसे नुकसान के चलते खरीदी प्रभावित होने के नुकसान का सामना किसानों को ना करना पड़े। किसानों ने बताया कि गेहूं दाने की डिस्कलरिंग का प्रभाव उस फसल में भी है जो कि आड़ी नहीं हुई है तथा अभी भी इसके पौधे खड़े हैं। लेकिन चूंकि बारिश का सीधा पानी गेहूं की बालियां पर पड़ा है, जिसके कारण दाने की चमक फीकी होना तय हो गया है।

### बीती रात हुई बारिश व तेज हवा से गेहूं व चना फसल को हुआ नुकसान



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नर्मदांचल क्षेत्र में गुरुवार देर रात तीव्र बारिश

**यह भी देखो सैटेलाइट पर**

मामले में किसानों भैया जी पटेल किवलारी, केसरी सिंह पटेल किवलारी, शिवलेश पटेल बांसखापा आदि ने कहा कि जब पराली जलाई जाती है तो प्रशासन इसे सैटेलाइट पर देख लेता है तथा किसानों पर कार्रवाई करता है। लेकिन जब बारिश तथा तेज हवाओं से किसानों के खेतों में फसल आड़ी हो जाती है व बहुत अधिक क्षति होती है, तब सैटेलाइट पर प्रशासन इस क्षति का सिस्टम पर आंकलन क्यों नहीं कर पाता है। प्रशासन के इस दोहरे व्यवहार पर किसानों की नाराजगी है। तथा किसानों ने मांग की है की सैटेलाइट के माध्यम से किसानों को वर्तमान में हुई फसल की क्षति का सर्वे किया जाए। नियमानुसार क्षति का सही आंकलन किया जाए तथा

### आड़ी फसल का दाना पतला

हरिभूमि संवाददाता ने क्षेत्रीय कृषक पवन वर्मा सोहागपुर से चर्चा की। वर्मा ने बताया कि जो फसल आड़ी हुई है उसके दाने का कलर तो चला ही जाएगा, साथ ही चमक फीकी होगी। वर्मा के अनुसार इसका दाना पतला भी हो सकता है। क्योंकि अभी उस फसल की कटाई में 10 से 12 दिन का समय शेष है जिसकी बोनी जल्दी की गई थी। वहीं जो फसल देर से बोई गई है उसके पौधे हवा के प्रभाव को तो झेल गए हैं व आड़े नहीं हुए हैं। लेकिन इनमें भी डिस्कलर स्थिति निर्मित होगी। इधर समस्त किसानों का कहना है कि दो दिवस की बारिश से 5 से 10% तक फसल को क्षति पहुंचाना तय हो गया है। अतः आवश्यक है कि जिला प्रशासन क्षति के आंकलन के लिए सर्वे कराए। वहीं किसानों की मांग है कि जिला प्रशासन भी मध्य प्रदेश सरकार को समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के नियमों को कृषक अनुकूल निर्धारित करने बाबत सुझाव अनिवार्य रूप से भेजें। क्योंकि मौसम से प्रभावित फसल के नकारात्मक रूप से प्रभावित होने में त्रुटि किसानों की नहीं है।

# किसानों से आधुनिक कृषि यंत्रों से फसल अवशेष प्रबंधन अपनाने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

एसडीएम इटारसी निलेश शर्मा द्वारा शनिवार को क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों का निरीक्षण कर कृषकों के साथ नरवाई प्रबंधन के संबंध में विस्तृत चर्चा कर उन्हें फसल अवशेष जलाने के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे नरवाई जलाने के बजाय आधुनिक तकनीकों एवं कृषि यंत्रों का उपयोग कर उसका उचित प्रबंधन करें। एसडीएम शर्मा ने बताया कि नरवाई जलाने से न केवल पर्यावरण को गंभीर क्षति होती है, बल्कि भूमि की उर्वरता भी कम होती है।

इससे मिट्टी के आवश्यक पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं, वायु प्रदूषण बढ़ता है और मानव स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि नरवाई जलाने से निकलने वाला धुआं आसपास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता को प्रभावित करता है, जिससे श्वसन संबंधी समस्याएं उत्पन्न होती हैं।



साथ ही यह आग फैलने का खतरा भी बढ़ाता है, जिससे फसलों एवं संपत्ति को नुकसान हो सकता है। उन्होंने कृषकों को आधुनिक कृषि यंत्रों जैसे मल्चर, रोटावेटर, डिस्क हैरो आदि के माध्यम से फसल अवशेष प्रबंधन की जानकारी दी और नरवाई से भूसा बनाने की अपील की, जिससे पशुओं के लिए चारे की उपलब्धता भी सुनिश्चित हो सके।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने ग्राम धाईखुर्द में फसल कटाई के उपरांत भूसा निर्माण के बाद डिस्क हैरो मशीन से तैयार किए गए खेत का अवलोकन किया। इसके साथ ही ग्राम जमानी में फसल अवशेष प्रबंधन के पश्चात प्राप्त भूसे को शासकीय गौशाला में संग्रहित करवाया गया।

## खबर संक्षेप

### गो सम्मान आव्हान अभियान की बैठक आज

**बैतूल।** गो सम्मान आव्हान अभियान 27 अप्रैल के संबंध में संतों के सानिध्य में एक विशेष बैठक का आयोजन आज 22 मार्च रविवार को गायत्री मंदिर सिविल लाइन बैतूल में रखी गई है। बैठक में सभी पदाधिकारियों और सदस्यों सहित नागरिकों से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### 23 मार्च को लगेगा विशाल मोतियाबिंद जांच परामर्श शिविर

**बैतूल।** जिला प्रशासन स्वास्थ्य विभाग, युवा साहू समाज सेवा संगठन जिला बैतूल एवं चिरायु मेडिकल कॉलेज अस्पताल बैरागढ़ भोपाल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर के तत्वावधान में विशाल मोतियाबिंद जांच परामर्श एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन 23 मार्च दिन सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर में 11 से दोपहर 1 बजे तक आयोजित किया जाएगा। आयोजन समिति के गोपाल साहू ने बताया कि शिविर में 60 वर्ष से अधिक उम्र के मोतियाबिंद रोग से पीड़ित मरीजों के आंखों की जांच की जाएगी एवं जिन मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद पाया जाएगा उन सभी मरीजों के ऑपरेशन चिरायु मेडिकल कॉलेज अस्पताल बैरागढ़ भोपाल में किए जाएंगे। जिन मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद पाया जाएगा उन्हें बस के द्वारा चिरायु मेडिकल कॉलेज बैरागढ़ भोपाल ले जाया जाएगा वहां पर सभी मरीजों को परिवहन आवास भोजन एवं सभी प्रकार की दवाइयां के साथ निशुल्क चश्मा भी प्रदान किए जाएंगे। आयोजन समिति के गोपाल साहू ने शाहपुर क्षेत्र के समस्त वृद्ध जनों से इस विशाल मोतियाबिंद जांच परामर्श एवं ऑपरेशन शिविर का लाभ लेने का आग्रह किया गया है। शिविर में मरीजों को अपने साथ आधार कार्ड या आयुष्मान कार्ड लाना जरूरी है।

### 151 कुंडीय विश्वशान्ति वैदिक महायज्ञ 25 को

**बैतूल।** ग्रीन सिटी सेक्टर बी स्थित मां माचना मंदिर (मां माचना घाट) फिल्टर प्लांट के पास 25 मार्च दिन बुधवार को 151 कुण्डीय विश्वशान्ति वैदिक महायज्ञ एवं विहंगम योग समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर सुबह 8:30 बजे शोभा यात्रा निकाली जाएगी, इसके बाद सुबह 10 बजे से दिव्यबाणी (जय स्वर्वेद कथा) एवं 151 कुण्डीय विश्वशान्ति वैदिक महायज्ञ का आयोजन होगा। दोपहर 2 बजे से भंडारा-प्रसाद का कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम का आयोजन विहंगम योग संत-समाज बैतूल एवं मां माचना जन्मोत्सव समिति द्वारा किया जा रहा है। समारोह में संत प्रवर की दिव्यवाणी जय स्वर्वेद कथा के माध्यम से आध्यात्मिक संदेश दिया जाएगा। आयोजकों के अनुसार यह कार्यक्रम भौतिक एवं आध्यात्मिक दोनों प्रकार के कल्याण को समर्पित है। आयोजकों ने बताया कि 151 कुण्डीय वैदिक महायज्ञ के माध्यम से विश्वशांति, पर्यावरण शुद्धता एवं मानव कल्याण की कामना की जाएगी। विहंगम योग संस्थान भारतीय संस्कृति के संरक्षण और आध्यात्मिक जागरण के उद्देश्य से देशभर में ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता रहा है। कार्यक्रम संयोजक आनंद प्रजापति ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर दिव्यवाणी का लाभ लेने और 151 कुण्डीय विश्वशान्ति वैदिक महायज्ञ में सहभागिता करने की अपील की है।

## देरी पर 10 प्रतिशत तक लगेगा ब्याज, 28 मार्च तक की मियाद

# बैतूल जिले के 50 हजार किसानों पर 208 करोड़ का ऋण है बकाया

संजय द्विवेदी ▶▶ बैतूल

जिले के किसान, फसली ऋण जमा करने की अंतिम तारीख 28 मार्च 2026 के नजदीक आने से दबाव में हैं। जिला सहकारी बैंक का किसानों पर करीब 208 करोड़ रूपये बकाया है। तय समय सीमा में भुगतान नहीं करने पर ये सभी किसान डिफाल्टर घोषित हो जाएंगे, और उन्हें शून्य प्रतिशत ब्याज के स्थान पर 7 प्रतिशत ब्याज देना होगा। ड्यू डेट के बाद किसानों को 10 प्रतिशत ब्याज और 2 प्रतिशत पेनाल्टी के साथ ऋण जमा करना पड़ेगा। कुल मिलाकर करीब 10 प्रतिशत तक अतिरिक्त भार उन्हें उठाना पड़ेगा।

इस संबंध में जब हमने किसान प्रसून मंटू चौधरी, राजेंद्र वर्मा, मनीष पवार आदि से बात की, तो उनका कहना है कि इस समय वे गेहूं कटाई में व्यस्त हैं, फसल बेचने के बाद ही भुगतान संभव है। ऐसे में ऋण जमा करने की समय सीमा बढ़ाई जानी चाहिए, क्योंकि अचानक बदले मौसम और बारिश के कारण उनकी फसले प्रभावित हुई है। क्षेत्र के कईयों किसानों की फसले बारिश से प्रभावित हुई है। फसल गीली होने से कटाई नहीं हो पा रही है, वहीं जिन किसानों ने फसल काटकर रखी थी, उन किसानों को अब फसल सूखानी पड़ेगी, जिसके बाद ही दावन संभव है। यहां उल्लेखनीय है कि जिले के लगभग 50 हजार किसानों पर अभी खरीफ सीजन का लगभग 208 करोड़ रूपये बकाया है। यदि किसान 28 मार्च तक यह ऋण जमा नहीं करते है तो उन्हें जीरो प्रतिशत ब्याज योजना का लाभ नहीं मिलेगा।




### 1 लाख 91 हजार किसानों के बने हैं क्रेडिट कार्ड

जिले में वैसे तो किसानों की संख्या ढाई लाख से अधिक है, लेकिन इनमें से 1 लाख 91 हजार किसानों का ही क्रेडिट कार्ड बना है। हालांकि कम ही किसान क्रेडिट कार्ड पर ऋण प्राप्त करते है। खरीफ सीजन में मात्र 81 हजार किसानों ने ऋण लिया था, जबकि रबी सीजन में 56 हजार किसानों ने जिला सहकारी बैक से ऋण लिया है। यदि हम खरीफ सीजन की बात करे, तो किसानों से ऋण वसूली के लिए बैंक कर्मचारी गांव-गांव पहुंच रहे हैं। बड़े बकायादारों को नोटिस भी जारी किए गए हैं। सहकारी बैंक से मिली जानकारी के मुताबिक फरवरी तक 31 हजार किसानों ने ऋण भी जमा कर दिया है। शेष 50 हजार किसानों से ऋण वसूली का कार्य अभी जारी है।

### 363 करोड़ से में 155 करोड़ रुपए जमा

अल्पकालीन कृषि ऋण निर्धारित अवधि में जमा करने पर ही शून्य प्रतिशत ब्याज का लाभ मिलता है। तय समय सीमा के बाद भुगतान करने पर 7 प्रतिशत ब्याज देना होता है और 2 प्रतिशत पेनाल्टी भी देनी होती है। किसान 28 मार्च से पहले ऋण जमा कर शून्य ब्याज योजना का लाभ ले सकते हैं। बताया जा रहा है कि खरीफ सीजन के लिए 81 हजार किसानों ने 363 करोड़ रूपये का ऋण लिया था। इनमें से 31 हजार किसानों ने 155 करोड़ रूपये जमा कर दिया है यानि अल्पकालीन कृषि ऋण निर्धारित अवधि में जमा कर शून्य प्रतिशत ब्याज का लाभ लिया है। जबकि 28 मार्च के बाद ऋण जमा करने पर किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज का लाभ नहीं मिलेगा।

### किसानों को दो बार मिलता है कर्जा

सरकार द्वारा किसानों को रबी सीजन और खरीफ सीजन हेतु जीरो प्रतिशत ब्याज दर पर कर्ज मिलता है। खरीफ सीजन हेतु 1 अप्रैल से 30 सितंबर तक लिए गए कर्ज को मार्च माह तक जमा करने पर जीरो प्रतिशत ब्याज लगता है। रबी फसलों हेतु 1 अक्टूबर से 31 मार्च तक कर्ज मिलता है, जिसे 15 जून तक जमा करने पर कोई ब्याज नहीं लगता है। जिला सहकारी बैंक से मिली जानकारी के अनुसार जिले में खरीफ और रबी सीजन के लिए कुल 1 लाख 37 हजार किसानों ने 467 करोड़ का ऋण लिया था। जिसमें से खरीफ सीजन के लिए 81 हजार किसानों ने 363 करोड़ रूपये का ऋण लिया था, इसमें से फरवरी तक 31 हजार किसानों ने 155 करोड़ रूपये ऋण जमा कर दिया है, वहीं रबी फसल के लिए 56 हजार किसानों ने 103 करोड़ रुपए का ऋण लिया है।

### बारिश ने बिगाड़ा किसानों का गणित

क्षेत्र के किसानों के खेतों में फसले कटकर तैयार है। जिले के कुछ किसानों ने गेहूं की कटाई भी शुरू कर दी थी, लेकिन ऐन वक्त पर बारिश ने इन किसानों के गणित को बिगाड़ दिया है। 19-20 मार्च को जिले में हुई बारिश के कारण खेतों में खड़ी फसल की बालिया झड़ गई, वहीं काटकर रखी गई फसल भी बारिश की वजह से भीग गई है। जिससे फसले प्रभावित होने की संभावना है। किसानों का कहना है कि कटकर खलियान में रखी गेहूं की फसल पर बारिश का पानी लगने से दाना काला पडऩे या सडऩे जैसी स्थिति बन सकती है। जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। किसानों का कहना है कि एक तो मौसम साथ नहीं दे रहा है, वहीं दूसरी तरफ बैंक का ऋण चुकाने की चिंता भी है।

### ब्याज चुकाना पड़ेगा

खरीफ सीजन के बकायादार किसानों को आगामी 28 मार्च तक संपूर्ण बकाया राशि जमा करने पर किसी प्रकार का ब्याज नहीं देना होगा। 28 मार्च के बाद ऋण लेने की तारीख से 28 मार्च तक 7 प्रतिशत और ड्यू डेट के बाद 12 प्रतिशत ब्याज चुकाना पड़ेगा।

**परिधि अग्रवाल, सीईओ, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, बैतूल**

## दीवार में दरार की आने पर की थी तोड़फोड़

# शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का बीम महिला पर गिरा, मौत




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

खेड़ी सांवलीगढ़ के नवनिर्मित पंचायती शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में एक बड़ा हादसा हो गया। दीवार तोड़ते समय छत का सीमेंट का बीम गिरने से एक महिला मजदूर की मौत हो गई, जबकि एक अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक महिला की पहचान 45 वर्षीय छाया पति पंजाबराव के रूप में हुई है। हादसे में उनका चेहरा बुरी तरह चोटिल हो गया था। घायल मजदूर 58 वर्षीय डीका शेषराव का इलाज जारी है। दोनों को 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया था, जहां डॉक्टरों ने छाया को मृत घोषित कर दिया। मृतिका का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। यह शॉपिंग कॉम्प्लेक्स पंचायत निधि से लगभग छह माह पहले 15 दुकानों के साथ बनाया गया था। दुकान आवंटन के बाद एक दुकानदार ने दुकान में दरार आने की शिकायत की थी। इसी के बाद पंचायत ने मरम्मत कार्य के लिए मजदूरों को लगाया गया था। मरम्मत के दौरान दीवार तोड़ते समय यह हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि दीवार तोड़ते समय दीवार तो कॉम्प्लेक्स के पीछे गिर गई लेकिन बीम महिला मजदूर पर जा गिरा। इस घटना ने कॉम्प्लेक्स के निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## राष्ट्रीय महासचिव का जोरदार स्वागत

# ओबीसी महासभा करेगा शक्ति प्रदर्शनः यादव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहपुर

मप्र ओबीसी महासभा के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. बृजेंद्र सिंह यादव का शाहपुर में प्रथम आगमन पर फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने ओबीसी महासभा की जानकारी एक बैठक के रूप में प्रदान की। बैठक में डॉ. यादव ने बताया कि ओबीसी महासभा की प्रमुख 13 मांगों को लेकर आने वाले समय में ओबीसी के अंतर्गत आने वाले सभी लोगों के लिए एक जन आंदोलन किया जाएगा। इस आंदोलन की तैयारी के लिए वे बालाघाट, छिंदवाड़ा, बैतूल, होते हुए शाहपुर पहुंचे थे। इस अवसर पर महेंद्र सिंह लोधी, प्रवीण गौर, नवीन वर्मा, पार्षद कमलेश प्रजापति, और अन्य पदधारी गणमान्य उपस्थित थे, जिनमें से प्रमुख रूप से डॉक्टर बृजेंद्र सिंह यादव, राष्ट्रीय महासचिव, ओबीसी महासभा महेंद्र सिंह लोधी, जिला अध्यक्ष, ओबीसी महासभा प्रवीण गौर, प्रदेश महासचिव,नवील वर्मा, शाहपुर पार्षद कमलेश प्रजापति, अभिषेक सिनोटिया एवं दीपक चौरे अन्य पदधारी और पत्रकार गण उपस्थित रहे।

## परीक्षा ना हो या दें इच्छा मृत्यु की अनुमति

# आक्रोशित शिक्षकों ने केन्द्रीय मंत्री से लगाई न्याय की गुहार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

सरकार के नियमों व उस समय के मापदंडों को पूरा कर 25 से 30 वर्ष की निष्कलंक सेवा पूरी करने वाले प्रदेश व जिले के शिक्षकों को एक बार फिर परीक्षा उत्तीर्ण करना होगा नहीं तो अनिवार्य सेवानिवृत्ति दे दी जाएगी। लोक शिक्षण संचालनालय के इस आदेश से जिले के शिक्षकों में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है। शिक्षक संगठनों का आरोप है कि ऐसे तुगलकी एवं दिग्भ्रमित करने वाले आदेश से शिक्षक परीक्षा में पास नहीं होने के डर से परिवार सहित मानसिक प्रताडऩा से गुजर रहें हैं। जिसके विरोध में शनिवार को आम अध्यापक शिक्षक संघ के नेतृत्व में केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उईके भेंट कर परीक्षा नहीं करने की मांग को लेकर पुरजोर विरोध किया गया। जिस पर मंत्री ने कहा कि आपकी जायज मांगों को सरकार के समक्ष रखूंगा। संगठन के जिला अध्यक्ष मदनलाल डढोरे ने कहा कि यदि सरकार उच्च न्यायालय में पुनः याचिका दायर करे तो न्याय के नैसर्गिक के साथ शिक्षकों को लाभ मिल सकेगा। यदि ऐसा नहीं हुआ तो परिवार के पालन पोषण का कोई उपाय नहीं है। इससे अच्छा तो सरकार इच्छा मृत्यु की अनुमति दे। इस अवसर पर संगठन के जिला अध्यक्ष मदनलाल डढोरे, राजेन्द्र कुमार बेले, हरिशंकर धुर्वे, अशोक राठौर, धीरेन्द्र ठाकरे, सुदर्शन झाड़े, चैतराम निरापुरे, अशोक कुमार इवने, हेमंत आदि रहे मौजूद।

## पीएम स्वनिधि योजना में बैतूल अव्वल

# शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर प्रदेश में पाया प्रथम स्थान


हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में बैतूल जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। योजना प्रारंभ से लेकर वर्तमान तक शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के विरुद्ध जिले ने शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। योजना में 1 जून 2020 से मार्च 2026 तक योजना अंतर्गत तीन चरणों में पथ विक्रेताओं को 15000, 25000, 50000 के ऋण के कुल 28092 के लक्ष्य के विरुद्ध 36966 ऋण प्रकरण बैंकों में प्रेषित किए गए जिसमें 32127 स्वीकृत और 31342 प्रकरण वितरीत किए गए जो कुल लक्ष्य का 111.57 प्रतिशत हैं।चालू वित्तीय वर्ष में भी जिले ने योजना के तीनों चरणों में 100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर अपनी अग्रणी स्थिति बरकरार रखी है। कलेक्टर बैतूल नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी की सतत मॉनिटरिंग, समय-समय पर आयोजित विशेष समीक्षा बैठकों एवं डीएलडीसी की बैठकों के माध्यम से विभागीय अधिकारियों और बैंकर्स के समन्वित प्रयासों का परिणाम है। साथ ही जिले की सभी नगरीय निकायों की एनयूएलएम टीम तथा नगर पालिका के योजना से जुड़े कर्मचारियों की मेहनत और सक्रियता ने इस उपलब्धि को संभव बनाया है। प्रशासन द्वारा निरंतर मॉनिटरिंग और हितग्राहियों तक योजनाओं का प्रभावी लाभ पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र कुमार मोदी की द्वारा कोविड-19 काल में पथ विक्रेताओं के आर्थिक एवं सामाजिक संकट को दूर करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना प्रारंभ की गई थी। योजना के अंतर्गत पथ विक्रेताओं को ब्याज अनुदान के साथ चरणबद्ध रूप से ऋण उपलब्ध कराया जाता है। पूर्व में यह राशि 10,000, 20,000 एवं 50,000 रुपए थी, जिसे पीएम स्वनिधि 2.0 के तहत बढ़ाकर क्रमशः 15,000, 25,000 एवं 50,000 रुपए कर दिया गया है।

## पुलिस-ट्रैफिक की चाक-चौबंद व्यवस्था, जनप्रतिनिधियों ने दी बधाई

# बैतूल में हर्षोल्लास से मनी ईद, सुबह 8.30 बजे हुई मुख्य नमाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



जिले में शनिवार को ईद-उल-फितर का त्योहार हर्षोल्लास और आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया। शहर की मुख्य नमाज सुबह 8.30 बजे ईदगाह सदर में अदा की गई, जहां आलिम मौलाना जावेद चिश्ती ने नमाज पढ़ाई और देश की तरक्की व अमन-चैन के लिए दुआएं मांगीं। इसके अलावा शहर की 10 अन्य मस्जिदों में भी सुबह 7.30 से 9.30 बजे के बीच नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ी। पुलिस और ट्रैफिक विभाग की चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच लोगों ने एक-दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाया। शहर में मुख्य नमाज ईदगाह सदर में सुबह 8.30 बजे अदा की गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। आलिम मौलाना जावेद चिश्ती ने नमाज अदा कराई। नमाज मुकम्मल होने के बाद देश में अमन-चैन, तरक्की तथा खुशहाली के लिए दुआएं मांगी गईं। ईद के इस अवसर पर लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर मुबारकबाद दी और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। शहर की अन्य मस्जिदों और ईदगाहों में भी सुबह से नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ी। निर्धारित समय पर अलग-अलग मस्जिदों में नमाज अदा की गई। त्योहार के मद्देनजर पुलिस प्रशासन और ट्रैफिक विभाग द्वारा शहर में विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। प्रमुख चौराहों और सभी नमाज स्थलों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए, जिससे नमाजियों को कोई परेशानी न हो। पुलिस बल की तैनाती के कारण पूरे आयोजन के दौरान शहर में शांति और व्यवस्था बनी रही।

### जिला जेल में मुस्लिम बंदियों ने की ईद की नमाज अदा

बैतूल। ईद उल फितर के अवसर पर शनिवार को अंजुमन इस्लामिया कमेटी बैतूल के मोहम्मद शरीफुद्दीन हाफिज साहब द्वारा जिला जेल बैतूल में परिरुद्ध मुस्लिम बंदियों को ईद की नमाज अदा करवाई गई। इस अवसर पर बंदियों द्वारा एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी गई। वहीं जेल स्टाफ द्वारा सभी मुस्लिम बंदियों को ईद की मुबारकबाद दी गई।

## शंकर नगर में मां काली की विशाल प्रतिमा स्थापित

# पांचों समय हो रही आरती में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



चैत्र नवरात्रि के शुभ अवसर पर शंकर नगर में भक्तिमय माहौल के बीच अग्रसेन आईटीआई के सामने भव तारिणी मां काली की विशाल प्रतिमा स्थापित की गई है। प्रतिमा की स्थापना के साथ ही पूरे वार्ड में धार्मिक वातावरण बन गया है और बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन माता के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। प्रतिमा स्थापना के बाद से यहां प्रतिदिन विधि-विधान के साथ पांचों समय आरती की जा रही है। सुबह से लेकर रात तक आरती और पूजन का क्रम लगातार चल रहा है, जिसमें सैकड़ों की संख्या में वार्डवासी और आसपास के श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। आरती के समय पूरा क्षेत्र मां काली के जयकारों से गूंज उठता है और श्रद्धालु पूरे उत्साह और भक्ति भाव के साथ माता की आराधना कर रहे हैं। भव तारिणी मां काली की यह विशाल प्रतिमा श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

# ग्राम दानवाखेड़ा में लगाया गया हैंडपंप ग्रामीणों को होगी शुद्ध पेयजल की आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले के घोड़ाडोंगरी जनपद अंतर्गत ग्राम दानवाखेड़ा में ग्रामीणों की पेयजल समस्या के समाधान की दिशा में प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की है। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी की पहल पर वन विभाग के समन्वय से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा ग्राम में तत्काल बोर करवाकर हैंडपंप स्थापित किया गया है। इस व्यवस्था से अब ग्रामीणों को सुरक्षित एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री मनोज बघेल ने बताया कि हैंडपंप से निकलने वाले पानी की गुणवत्ता की जांच की गई है, जो निर्धारित मानकों के अनुरूप पाई गई है। हैंडपंप स्थापित होने से ग्रामवासियों को बड़ी सुविधा मिलेगी तथा स्वास्थ्य संबंधी जोखिम में भी कमी आएगी। उल्लेखनीय है कि पूर्व में ग्रामीण झिरिया के जल का उपयोग कर रहे थे। ग्राम आरक्षित वन क्षेत्र में स्थित होने के कारण नलकूप खनन की अनुमति प्राप्त नहीं हो पा रही थी। ग्रामीणों की निरंतर पेयजल मांग एवं दूषित जल उपयोग की शिकायत को देखते हुए कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने तत्काल संज्ञान लेकर वन विभाग के वरिष्ठ एवं स्थानीय अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर अनुमति दिलाई तथा पीएचई विभाग को शीघ्र नलकूप खनन कर हैंडपंप स्थापित करने के निर्देश दिए। निर्देशों के पालन में पीएचई विभाग द्वारा मशीन लगाकर नलकूप खनन किया गया और हैंडपंप स्थापित कर शुद्ध पेयजल प्रदाय प्रारंभ कर दिया गया है। साथ ही ग्राम के पारंपरिक पेयजल स्त्रोतों का क्लोरीनेशन कार्य भी कराया गया है, जिससे ग्रामीणों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सके।



### स्वास्थ्य विभाग की टीम भी सक्रिय

ग्राम दानवाखेड़ा में त्वचा संबंधी बीमारी की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 6 सदस्यीय चिकित्सा टीम को गांव भेजकर ग्रामीणों की जांच एवं उपचार सुनिश्चित किया। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज हुरमाड़े द्वारा चिकित्सा दल का ड्यूटी रोस्टर निर्धारित कर ग्राम दानवाखेड़ा के लिए समर्पित टीम गठित की गई है, जो निरंतर स्वास्थ्य परीक्षण, उपचार एवं आवश्यक परामर्श प्रदान कर रही है।

# दानवाखेड़ा पहुंचे पूर्व विधानसभा प्रत्याशी राहुल उइके, परिजनों को बंधाया ढांढस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

घोड़ाडोंगरी विकासखंड के ग्राम दानवाखेड़ा में दूषित पानी से फैली बीमारी के चलते बच्चों की मौत के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल बना हुआ है। इसी बीच पूर्व विधानसभा प्रत्याशी राहुल उइके गांव पहुंचे और प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने मृत बच्चों के परिजनों से बात कर इस दुखद घटना पर शोक व्यक्त किया और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। राहुल उइके ने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं बेहद पीड़ादायक हैं और प्रशासन की लापरवाही को उजागर करती हैं। उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं और बताया कि लंबे समय से दूषित पानी की शिकायतें सामने आ रही थीं, लेकिन समय रहते समाधान नहीं किया गया। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि गांव में तत्काल स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और प्रभावित लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

**खबर संक्षेप**

## गुड़ी पड़वा पर संस्कार भारती ने मनाया नव वर्ष

**देवास।** भारतीय नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (गुड़ी पड़वा) के पावन अवसर पर संस्कार भारती, जिला देवास द्वारा सयाजी द्वार पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिकों ने प्रातःकाल सूर्य की प्रथम किरण के साथ सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया तथा गुड़ी की पूजा-अर्चना कर एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर प्रातःकालीन रागों पर आधारित शास्त्रीय भजनों की सुंदर प्रस्तुति दी। देवकृष्ण व्यास ने अपनी कविता के माध्यम से नववर्ष की मंगलकामनाएँ व्यक्त कीं तथा धनराज परमार ने मंत्रोच्चार किया। इसके पूर्व संध्या पर मल्हार स्मृति सभा भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि आलोक सिंह भदौरिया ने गुड़ी पड़वा का पुराणों से संबंध बताया तथा मुख्य वक्ता जयशंकर शर्मा ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। रात्रिकालीन आयोजन में सरगम म्यूजिक प्रोडक्शन एंड इवेंट्स के संचालक आशुतोष सिद्ध के संगीत संयोजन में विभिन्न कलाकारों ने प्रस्तुति दी। इसमें अमित साहू , गोविंद परमार , नितिन बोडखे, धनंजय सिंह ठाकुर एवं अमन साहू, सह गायिका कनक जोशी, वेदिका देसाई,काव्यांशी सहित कई कलाकारों की सहभागिता रही। कलाकारों ने देशभक्ति गीत, भजन एवं अन्य प्रस्तुतियाँ दीं। वहीं कविता सिसोदिया एवं उनकी साथियों द्वारा सुंदर रंगोली बनाई गईं। दोनों दिवस के आयोजन संस्था की कार्यकारिणी के नेतृत्व में संपन्न हुए।

### रमजान के पवित्र महीने में इबादत के बाद आने वाला त्योहार ईदुल फितर मीठी ईद के नाम से मनाया गया

# जिलेभर की मस्जिदों में विशेष नमाज अदा की

शनिवार को जिलेभर में ईद-उल-फितर का पर्व हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। जिले की विभिन्न मस्जिदों में बड़ी संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने नमाज अता की।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

शुक्रवार को चांद दिखाई देने के साथ ही शनिवार को ईद-उल-फितर का पर्व जिलेभर में हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह 8:30 बजे शहर के ईदगाह में करीब ढाई हजार से ज्यादा मुस्लिम धर्मावलंबियों ने मुख्य नमाज अदा की और देश, प्रदेश व शहर में अमन, चैन और खुशहाली की दुआएं मांगी। शहर काजी हाफिज अशफाक अली ने नमाज पढ़ाई, जिसके बाद लोगों ने एक-दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। सुबह से ही जिला मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों की मस्जिदों और ईदगाहों में नमाजियों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने नए कपड़े पहनकर अल्लाह की इबादत की और देश में अमन-चैन व खुशहाली की दुआ मांगी। शहर काजी हाफिज अशफाक अली ने नमाज के बाद समाज को संबोधित करते हुए कहा, ईमान की हिफाजत करना हर मुसलमान का फर्ज है। रमजान के पवित्र महीने में इबादत के बाद आने वाला त्योहार ईदुल फितर मीठी ईद के नाम से मनाया जाता है। मुस्लिमों को यह ईद रमजान के पाक महीने के बाद इनाम के तौर पर दी गई है। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। घरों में सेवइयां और विभिन्न प्रकार के पकवान बनाए गए, जिनका लोगों ने आपस में बांटकर आनंद लिया।त्योहार को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क नजर आया। मस्जिदों और प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे कहीं भी किसी प्रकार की अव्यवस्था देखने को नहीं मिली। पुलिस बल तैनात रहा और अधिकारियों ने लगातार स्थिति पर नजर बनाए रखी। ईद के मौके पर सामाजिक सौहार्द और भाईचारे की मिसाल भी देखने को मिली, जहां विभिन्न समुदायों के लोगों ने एक-दूसरे को बधाई देकर आपसी प्रेम और एकता का संदेश दिया।

## ईद की नमाज के साथ गूंजा अमन का पैगाम सोहागपुर में दिखी गंगा-जमुनी तहज़ीब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर



ईद-उल-फितर का त्यौहार सोहागपुर नगर में शनिवार को हर्षोल्लास व भाईचारे के साथ मनाया गया। नगर के ईदगाह में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने एकत्रित होकर ईद की नमाज अदा की। क्षेत्रवासियों ने मुस्लिम समाज को ईद की बधाई दी है।

मुस्लिम त्योहार कमेटी अध्यक्ष वसीम खान ने बताया कि ईद-उल-फितर की मुख्य नमाज ईदगाह में अदा की गई। जहां सोहागपुर मरकज़ जामा मस्जिद के पेश इमाम जनाब मौलाना अब्दुल जब्बार कासमी साहब ने नमाज अदा कराई। वहीं आरिफ खान मामू ने बताया कि वक्फ कायमखानी मस्जिद में सुबह 9:30 बजे जनाब हाफिज व मोहम्मद मरगूब रज़ा कादरी साहब ने नमाज अदा कराई।

नमाज के बाद देश में भाईचारे, अमन-चैन, खुशहाली तथा देश को साजिशों से सुरक्षित रखने के लिए विशेष दुआ की गई तथा लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दी। लोग कब्रिस्तान पहुंचकर अपने पूर्वजों को याद करते हुए उनकी मगफिरत के लिए दुआ करते नजर आए। ईद पर हिंदू समाज के लोगों ने मुस्लिम नागरिकों को पर्व की शुभकामनाएं दीं। ईद के मौके पर बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। ईदगाह परिसर में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर एवं मुस्लिम नागरिकों को ईद की शुभकामनाएं देने एसडीओपी संजू चौहान, तहसीलदार रामकिशोर झरबड़े, थाना प्रभारी उषा मरावी, नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा सहित कांग्रेस व भाजपा नेता उपस्थित रहे। सभी ने मुस्लिम समाज को ईद की बधाई दी।

### 5 मस्जिद में नमाज अदा करने के बाद ईद उल फितर मनाई



**पिपरिया।** जनपद पंचायत और नगर पालिका क्षेत्र में ईद-उल-फितर हर्षोल्लास से मनाई गई। लगभग 5 मस्जिदों में नमाज अदा की गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। ईदगाह और प्रमुख मस्जिदों में नमाज के बाद देश में अमन-चैन और खुशहाली की दुआ मांगी गई। रमजान के समापन पर मटकुली सहित आसपास के क्षेत्रों में भी उत्सव का माहौल रहा। शहर की तीन मस्जिदों में अलग-अलग समय पर नमाज हुई। जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर बधाई दी। कार्यक्रम शांतिपूर्ण माहौल में पुलिस की मौजूदगी में संपन्न हुआ।

### प्रदेश के हिल स्टेशन पचमढ़ी में ईद उल फितर की नमाज की अदा गई



**पचमढ़ी।** पर्यटन नगरी पचमढ़ी में आज ईद-उल-फितर का पर्व पारंपरिक सादगी और प्रेम के साथ मनाया गया। नमाज के दौरान बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे, जिन्होंने खुदा की इबादत में सिर झुकाया। नमाज के बाद उपस्थित जनसमूह ने देश में तरक्की और शांति के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर समाज के गणमान्य नागरिकों ने कहा कि ईद का त्योहार हमें प्रेम और एकजुटता का संदेश देता है। दुआ की गई कि हमारे देश में विभिन्न कौमें इसी तरह भाईचारे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलती रहें। नमाज के बाद मिठाई बांटकर और गले मिलकर त्योहार की खुशियां साझा की गईं।

### हर्षोल्लास के साथ ईद उल फितर मनाई गई



**माखननगर।** नगर में ईद-उल-फितर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस अवसर पर ईदगाह और प्रमुख मस्जिदों में नमाज के बाद देश में अमन-चैन और खुशहाली की दुआ मांगी गई।

# एलपीजी गैस सिलेंडर रीफिल सेंटर पर रोजाना लग रही उपभोक्ताओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर



वैश्विक स्तर पर युद्ध के हालातों के चलते पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स तथा एलपीजी गैस सिलेंडर के वितरण को लेकर जनता में आशंका बन रही है। आशंका यह कि मुख्य रूप से एलपीजी गैस सिलेंडर को रीफिल कराने में दिक्कत हो सकती है।

इसलिए आशंकित नागरिक रोजाना ही बड़ी संख्या में सोहागपुर स्थित एलपीजी गैस सिलेंडर रीफिल सेंटर पर बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। शनिवार की सुबह से लेकर शाम तक घंटों लाइन में लगकर उपभोक्ताओं ने एलपीजी गैस सिलेंडर रीफिल कराए हैं। इधर प्रशासन मामले में अभी तक नागरिकों के बीच कोई सूचनात्मक संदेश प्रसारित नहीं कर पाया है कि एलपीजी गैस सिलेंडर की भविष्य में कोई समस्या उत्पन्न हो सकती है या नहीं। प्रशासन की ओर से यह सूचना भी आमजनों में प्रसारित नहीं की जा रही है कि सिलेंडर आपूर्ति की वर्तमान में क्या स्थिति है। इस प्रशासनिक चुप्पी के चलते प्रतिदिन ही नागरिक अतिरिक्त सिलेंडर रीफिल कराने संबंधित केंद्र पर पहुंच रहे हैं।

# वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असरः पचमढ़ी में तीसरे दिन भी बादल का डेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचमढ़ी



प्रदेश में सक्रिय हुए 'वेस्टर्न डिस्टरबेंस' (पश्चिमी विक्षोभ) ने मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल दिया है। मैदानी इलाकों के साथ-साथ प्रदेश के एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी में भी इसका व्यापक असर देखने को मिल रहा है। यहाँ लगातार तीसरे दिन भी आसमान में घने बादलों ने डेरा जमाए रखा, जिससे दिन के समय भी शाम जैसा अहसास बना रहा।

### बिजली की गड़गड़ाहट व तेज हवा ने बढ़ाई ठिठुरन

बीती रात पचमढ़ी और आसपास के क्षेत्रों में मौसम का रौद्र रूप भी देखने को मिला। देर रात तेज हवा के साथ आसमानी बिजली चमकने और हल्की बौछारों ने शहर के तापमान में भारी गिरावट दर्ज की है। रात में चली इन सर्द हवाओं के कारण ठिठुरन बढ़ गई है, जिससे स्थानीय लोगों और यहाँ आए पर्यटकों को एक बार फिर गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ा।

### पर्यटकों के चेहरे खिले जनजीवन प्रभावित

जहाँ एक ओर इस बेमौसम बदलाव से आम जनजीवन और खेती-किसानी पर असर पड़ रहा है, वहीं पचमढ़ी घूमने आए पर्यटकों के लिए यह मौसम किसी तोहफे से कम नहीं है। बादल के बीच घिरी वादियों और ठंडी हवा ने यहाँ के नज़ारों को और भी खुशनुमा बना दिया है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, अगले 24 से 48 घंटों तक बादल छाए रहने और कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना बनी हुई है। वेस्टर्न डिस्टरबेंस के प्रभाव के चलते तापमान में अभी और उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है।

# पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन संघ सोहागपुर की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर




गत दिनों पेंशनर्स संघ शाखा सोहागपुर की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन नगर के समीप स्थित सिद्ध बाबा मंदिर परिसर में किया गया। बैठक में पेंशनर्स के हितार्थ कुछ ज़रूरी निर्णय व प्रस्ताव लिये गए हैं। संघ से प्राप्त जानकारी अनुसार बैठक में कुछ प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए हैं। जिसमें महंगाई भत्ता की तीन प्रतिशत की राशि का एरियस नियमित कर्मचारियों की तरह ही जुलाई 2025 से पेंशनरों को भी दिये जाने की मांग सरकार से की जाएगी। वहीं यह प्रस्ताव भी लिया गया है कि मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ की धारा 49 को खत्म करके केंद्रीय तिथि से ही डीए एवं डीआर भी पेंशनर्स को दिये जाएं। बैठक में उपस्थिति सभी संगठन सदस्यों द्वारा लिये गए प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित किया गया है। इस दौरान दिनेश चतुर्वेदी जिला अध्यक्ष, विनोद दुबे, जेपी सोनी एवं आरके गुप्ता सहित सोहागपुर तहसील पेंशनर्स संघ से अध्यक्ष जेपी साहू, सोहागपुर नप उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, विनोद साहू, राजेंद्र साहू, एसएस पटेल, केएस सराठे, लखन कोरी, एस विजयकर, एमडी शर्मा, प्रद्युम्न दुबे, धनराज यादव, रामकृष्ण मेहरा, अमर सिंह होलिया, फूल सिंह भल्लावी, राजपाल चौधरी, निर्मला बारमासे, सुषमा धवले व अन्य पेंशनर्स उपस्थित रहे।

### सांदीपनि उमा विद्यालय में प्रवेश प्रारंभ

**माखननगर।** सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नवीन प्रवेश प्रक्रिया 23 से 30 मार्च तक चलेगी। प्राचार्य केके दुबे के अनुसार, आवेदन फॉर्म इसी अवधि में वितरित व जमा किए जाएंगे। फॉर्म प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों को अंकसूची और प्रवेश पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। विद्यालय से निर्धारित दूरी के अंतर्गत आने वाले शासकीय विद्यालयों के छात्रों को प्राथमिकता दी जाएगी। कक्षा 1 में प्रवेश आरटीई के तहत होगा। निवास प्रमाण हेतु समग्र आईडी, आधार या राशन कार्ड मान्य होंगे। अधिक आवेदन होने पर चयन लॉटरी से होगा।

# सांदीपनि विद्यालय में प्रवेश किया प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

नगर पालिका परिषद क्षेत्र में आर एन ए उत्कृष्ट विद्यालय एवं सांदीपनि विद्यालय तैयार तो नहीं हुआ है फिर भी अनेकानेक अनमितताए के साथ अब प्रवेश प्रारंभ कर दिया गया है।

विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा तथा प्राचार्य संजीव दुबे ने बताया कि 23 से 30 मार्च तक प्रवेश लेने वाले छात्रों को आवेदन करने की घोषणा कर दी गई है। विद्यालय के समीप लगभग 3 किलोमीटर तक के निवासी कक्षा 1 से तथा 3 किलोमीटर की परिधि में सरकारी विद्यालय में अध्यन रत विद्यार्थियों को अन्य सभी कक्षाओं खाली सीटों के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। सुबह 11बजे से 4बजे तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। कक्षा पहली में 80सीट खाली है। कक्षा 3मे 10 सीट कक्षा 4मे 13 कक्षा 6 में 48 कक्षा 6 अंग्रेजी मे 20 कक्षा 7मे 4 कक्षा 9मे 62 कक्षा 11मे 60 सीट खाली है। लेकिन सभी में सीधे प्रवेश नहीं करेगा पहले की कक्षा में पास होने पर ही प्रवेश दिया जाएगा।

# माखननगर में धूमधाम से भगवान मीनेष प्राकट्योत्सव मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखननगर

नर्मदांचल मीणा समाज सेवा संगठन नर्मदापुरम के तत्वावधान में भगवान मीनेष के प्राकट्योत्सव कार्यक्रम माखन नगर जय हिंद गार्डन में रखा गया। जिसमें समाज के स्वजाति बंधुओं की उपस्थिति सराहनीय एवं प्रसंसनीय रही। कार्यक्रम में विभिन्न बिंदुओं पर स्वजाति बंधुओं द्वारा ध्यान आकर्षित किया गया। जिसमें प्रतिभा सम्मान समारोह सैनिक सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए। कार्यक्रम में छात्रावास निर्माण सामूहिक विवाह सम्मेलन एवं सामाजिक कुरीतियों पर विचार विमर्श किए गए। एवं सामाजिक व्यक्तियों से आग्रह किया गया कि इन बिंदुओं पर अमल कर समाज का उत्थान एवं विकास सुनिश्चित करें। भगवान श्री मीनेष जन्मोत्सव में पधारे समस्त सामाजिक बंधुओं का नर्मदा अंचल मीणा समाज सेवा संगठन के अध्यक्ष राजाराम मेहर एवं युवा जिला अध्यक्ष राम मोहन मीणा द्वारा आभार व्यक्त किया गया। और सभी सामाजिकबंधुओ को भगवान मीनेश के जन्मोत्सव की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।



### श्रीराम जन्म महोत्सव अंतर्गत श्रीराम कथा का तृतीय दिवस

# राक्षसों के विनाश के लिए श्रीराम विश्वामित्र के साथ रवाना हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

संपूर्ण नर्मदांचल की आस्था के प्रमुख केंद्र श्री द्वारकाधीश बड़ा मंदिर परिसर तुलसी चौक में 63वे वर्ष में श्री रामजन्म महोत्सव अंतर्गत श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर परिसर में प्रतिदिन धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। इस वर्ष श्रीमद प्रयागपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी ओंकारानंद सरस्वती महाराज बाल्मीकि एवं तुलसीदासकृत रामायण पर प्रवचन दे रहे हैं। आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक क्षेत्रीय विधायक डॉ सीतासरन शर्मा एवं संरक्षक प्रमोद पगारे पत्रकार के मार्गदर्शन में श्री द्वारकाधीश मंदिर परिसर में श्रीराम कथा के द्वितीय दिवस शुक्रवार को व्यासपीठ पर विराजे महाराज श्री का स्वागत एवं पूजन समिति के अध्यक्ष नीरज जैन, कार्यकारी अध्यक्ष विपिन चांडक, उपाध्यक्ष विष्णु शंकर पांडे, सचिव अभिषेक तिवारी, संयुक्त सचिव शैलेन्द्र दुबे, कोषाध्यक्ष प्रकाश मिश्रा, सहकोषाध्यक्ष अमित सेठ, देवेंद्र पटेल, एमएल गौर, दिनेश सैनी, अखिल भारतीय तैलीक साहू महासभा, कर्मा सखी संगम, शिक्षक कल्याण संगठन के पदाधिकारियों एवं आयोजन समिति सदस्यों ने महाराज श्री का व्यासपीठ से स्वागत एवं पूजन किया। महाराज श्री ने तृतीय दिवस की रामकथा को विस्तार देते हुए कहा कि राजा दशरथ की अयोध्या में सभी और सुख चैन था, परंतु जंगलों में निवास करने वाले ऋषि-मुनियों को राक्षस तंग किया करते थे और उनके यज्ञ में विघ्न पैदा करते थे। विश्वामित्र मुनि को जब पता लगा कि तब मुनिबर मन कीन्ह विचारा। प्रभु अवतरेउ हरन महि भारा। पृथ्वी का भार उतारने के लिए प्रभु मनुष्य रूप में अवतार लिया। विश्वामित्र अयोध्या पहुंचे और राजा दशरथ से उन्होंने कहा कि असुर समूह सतावन मोहि। में जाचन आयहु नृप तोहि। ऋषि विश्वामित्र ने राजा दशरथ ने कहा कि असुर समूह उनको परेशान करते हैं उन्होंने राजा दशरथ से कहा कि अनुज समेत देहु रघुनाथा। निशिचर बध में होब सनाथा। अयोध्या पति राजा दशरथ ने पहले तो दोनों पुत्रों को देने से मना किया और विश्वामित्र से हाथ जोड़कर कहा कि इसके बदले कुछ और मांग लें। तब विश्वामित्र ने राजा के कर्तव्यों की याद दिलाई तब राजा दशरथ ने राम लक्ष्मण को विश्वामित्र को सौंप दिया। महाराज श्री ने विश्वामित्र और राजा दशरथ के प्रसंग को बहुत ही मार्मिक ढंग से प्रस्तुत करते हुए कहा कि ऐसा कौन पिता होगा जो अपने कुल में वर्षों पश्चात आई हुई संतानों को युवा अवस्था में राक्षसों के अंत के लिए ऋषि-मुनियों को सौंप देगा, परंतु राजा दशरथ का पुत्र मोह कुछ समय ही रहा और उनको जब वास्तविक ज्ञान हुआ कि राजा का यह कर्तव्य है, प्रजा सुखी रहे, तब उन्होंने राम और लक्ष्मण को विश्वामित्र मुनि को सौंप दिया। राम और लक्ष्मण ने ऋषि विश्वामित्र के साथ जाकर उनके यज्ञ की रक्षा की और ताड़का नामक राक्षसी का वध किया। प्रवक्ता भूपेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि द्वारिकाधीश बड़ा मंदिर तुलसी चौक में सायंकाल 7 बजे से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने श्री रामकथा का भरपूर आनंद लिया। प्रवचन में हारमोनियम पर दिलीप जी, तबले पर दीपक दुबे, बैंजो पर श्रीराम जी, सहित संकटा प्रसाद मिश्र, दुर्गादत्त तिवारी एवं राहुल ने भजनों की आकर्षक प्रस्तुतियां दी।



# मारवाड़ी महिला मंडल ने गणगौर उत्सव मनाया, शोभायात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखननगर

शनिवार को गणगौर के पावन अवसर पर मारवाड़ी महिला मंडल, बाबई द्वारा भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया यात्रा सायं 4:00 बजे महेश्वरी मंदिर से प्रारंभ होकर पटेल मोहल्ला एवं मुख्य मार्गों से होती हुई बालाजी मंदिर पहुंची मंडल। मंडल की अध्यक्ष शिवानी खंडेलवाल, सचिव रश्मि अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आरती पाटनी, उपाध्यक्ष प्रीति टावरी एवं सह-सचिव अंशु खंडेलवाल ने सभी मारवाड़ी महिला मंडल की सदस्यों का अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शोभा यात्रा एवं कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार माना। मारवाड़ी महिला मंडल ने बताया कि शोभा यात्रा पारंपरिक वेशभूषा, गीत-संगीत एवं धार्मिक श्रद्धा के साथ निकाली गई, महिलाओं के खेल रखे गए नगर में सांस्कृतिक धार्मिक उत्सव का वातावरण रहा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी मारवाड़ी महिला मंडल द्वारा गणगौर जुलूस का आयोजन किया गया जिसमें मारवाड़ी समाज की महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में जुलूस निकाला जुलूस का मारवाड़ी वैश्य मंडल द्वारा संतोष अग्रवाल के प्रतिष्ठान पर भव्य स्वागत किया गया।



## खबर संक्षेप

### प्रियंका बनीं सहायक प्रधानाध्यापक



**भौरासा।** नगर से लगे ग्राम पोलाय जागीर की रहने वाली बेटी प्रियंका यादव का सहायक प्रधानाध्यापक के पद पर चयन हुआ है। जानकारी अनुसार क्षेत्र के माध्यमिक स्कूल में कार्यरत अध्यापक राजेंद्र सिंह यादव की बेटी प्रियंका यादव ने मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा 2022 में सफलता अजिर्त की है। प्रियंका का सहायक प्रधानाध्यक के लिए चयन हुआ है। इस सफलता का श्रेय प्रियंका ने अपने अध्यापक पिता राजेंद्रसिंह यादव को दिया और कहा कि पिता का मार्गदर्शन और पूरे परिवार का सहयोग मिला। कड़ी मेहनत कर मंजिल हासिल की। प्रियंका की सफलता पर क्षेत्र के वरिष्ठजनों ओर राजनीतिकारों ने बधाई और शुभकामनाएं दी।

### रुक्मा बाई को श्रद्धांजलि दी



**भौरासा।** नगर के शिवनारायण कुंभकार की पत्नी, सोम सूरज की माता रुक्मा बाई का पिछले दिनों निधन हो गया जिनकी आत्मशांति हेतु नगर के गणमान्यजनों ने पुष्पांजलि देकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा, नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, मंडल मीडिया प्रभारी प्रेमचंद अग्रवाल,पूर्व न.प. अध्यक्ष राजेंद्र यादव, पूर्व विधायक प्रतिनिधि प्रमोद पालीवाल, नरेंद्र माली, मनोज शुक्ला, अभय नागर, मनोज जोशी, प्रदीप मंत्री आदि नगर के गणमान्य नागरिकों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### नरवाई जलाए जाने पर अर्थदंड की कार्रवाई

**देवास।** जिले में रबी फसलों विशेषकर गेहूं की कटाई का सीजन शुरू होते ही नरवाई जलाने की घटनाओं के नियंत्रण के लिए प्रशासन ने रणनीति तैयार की है। हार्वेस्टर से गेहूं काटने के बाद स्ट्रारीपर से भूसा बनाएं, इसके बाद रोटावेटर चलाकर नरवाई को भूमि में मिलाएं और बायो डी कम्पोजर का नरवाई के ऊपर छिड़काव करने से नरवाई खेत में ही सड़ गल जाएगी।उप संचालक कृषि गोपेश पाठक ने बताया कि सेटेलाइट द्वारा नरवाई में आग लगाने की घटनाओं की मानिटरिंग की जा रही है।

### नववर्ष संग नवरात्रि का शुभारंभ: माता टेकरी पर उमड़ा आस्था का जनसैलाब

# घटस्थापना, महाआरती और विशेष श्रृंगार के बीच हजारों श्रद्धालुओं ने किए माता चामुंडा व तुलजा भवानी के दर्शन







### गुड़ी पड़वा पर तिलक, अर्घ्य और प्रसाद वितरण के साथ मनाया गया हिन्दू नववर्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

धर्म, परंपरा और आस्था के संगम के साथ हिंदू नववर्ष और चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ हुआ। नवसंवत्सर के पहले ही दिन माता टेकरी पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही बड़ी संख्या में भक्त माता चामुंडा और माता तुलजा भवानी के दर्शन के लिए पहुंचने लगे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। नवरात्रि की शुरुआत विधि-विधान से घटस्थापना के साथ हुई। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना की गई, जिससे टेकरी परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से गूंज उठा। शाम को महाआरती और भजन-कीर्तन के साथ श्रद्धालु प्रतिदिन भक्ति में सराबोर नजर आएंगे। वहीं, गुड़ी पड़वा के अवसर पर पूरे शहर में उत्सव का माहौल देखने को मिला। घर-घर में गुड़ी स्थापना कर समृद्धि और विजय का प्रतीक स्थापित किया गया। लोगों ने एक-दूसरे को तिलक लगाकर और गुड़-धनिया खिलाकर नववर्ष की शुभकामनाएं दीं।

#### टेकरी पर विशेष सजावट और पूजा-अर्चना

माता टेकरी स्थित बड़ी माता मंदिर में पुजारी मुकेश नाथ एवं छोटी माता मंदिर में पुजारी योगेंद्र द्वारा विधिवत पूजा कर नवरात्रि का शुभारंभ किया गया। दोनों मंदिरों में माताओं का आकर्षक श्रृंगार किया गया और विशेष सजावट की गई। पहले दिन देर शाम तक इंदौर और भोपाल सहित आसपास के शहरों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना जताई गई है। प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। गर्मी से राहत के लिए परिक्रमा मार्ग पर पानी की व्यवस्था, कारपेट बिछाने और छाया के लिए टेंट लगाए गए हैं। सुरक्षा के मद्देनजर सीढ़ी मार्ग और रपट मार्ग पर सघन जांच की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की टीम भी तैनात है, जिसमें डॉक्टर, एंबुलेंस, व्हीलचेयर, स्ट्रेचर और दमकल सेवाएं 24 घंटे उपलब्ध हैं।

#### कलेक्टर, एसपी ने परिवार सहित किए दर्शन



कलेक्टर ऋतुराज सिंह और एसपी पुनीत गेहलोद ने अपने परिवार के साथ माता टेकरी पहुंचकर मां तुलजा भवानी और मां चामुंडा के दर्शन किए तथा जिले की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने अधिकारियों को व्यवस्थाएं बेहतर बनाए रखने के निर्देश भी दिए। नवरात्रि के दौरान लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है, जिससे पूरा देवास इन दिनों भक्ति और उत्साह के रंग में रंगा हुआ नजर आ रहा है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के अवसर पर हिन्दू नववर्ष और गुड़ी पड़वा का पर्व शहर में धूमधाम से मनाया गया। मराठी परिवारों ने घरों के बाहर गुड़ी बांधकर पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ उत्सव मनाया और विशेष पकवान तैयार किए।

#### मंगल तिलक लगाकर मनाया नववर्ष

भाजपा, कांग्रेस विभिन्न संगठनों द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों पर राहगीरों और वाहन चालकों को मंगल तिलक लगाकर नववर्ष की शुभकामनाएं दी गईं। सिविल लाइन चौराहे और सयाजीद्वार पर विशेष आयोजन हुए, जहां लोगों को तिलक लगाकर प्रसाद वितरित किया गया। सेन महाराज उद्यान में आयोजित कार्यक्रम में सनातनी बंधुओं ने सामूहिक पूजन कर नववर्ष का स्वागत किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को श्रीखंड का प्रसाद वितरित किया गया।

## मृतका की मां का आरोप- मेरी बेटी की तड़पा तड़पाकर कुल्हाड़ी से हत्या की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या

शुक्रवार को ग्राम जामदर्दा में विवाहिता शीलाबाई पति सुनील भील 25 वर्ष की जघन्य-हत्या को लेकर उसके परिजन गमगीन हैं। उसकी मां नायजाबाई पति सूरसिंग ने कहा- मेरी निर्दोष और सुशील बेटी शीला की तड़पा-तड़पाकर कुल्हाड़ी से हत्या की गई है। इसलिए उसके हत्यारे को भी फांसी की कड़ी सजा देना चाहिए, ताकि उसे उसके कर्मों का फल मिल सके। यह कहते हुए उसका गला रुंध जाता है और वह कहती है कि पिछले डेढ़-दो वर्ष से हम उससे मिले भी नहीं थे और वह हमसे सदा के लिए बिछड़ गई। हत्यारे को दया भी नहीं आई कि उसके दो छोटे-छोटे बच्चे वैष्णवी 4वर्ष विशाल 2 हैं और उनका क्या होगा? इस दौरान हमें पता चल जाता और भगोरिया में वह भेज देता तो हम आखरी बार उसका चेहरा तो देख लेते। यह कहते-कहते उसका गला रुंध जाता हैं और आँखों से आसूं गिरने लगते हैं।

#### भाइयों ने दी मुखाग्नि

शुक्रवार शाम को शव परीक्षण के बाद जब वे ग्राम जामदर्दा पहुंचे तो वहां ग्रामीणों ने चिता तैयार कर दी थी। अंधेरा होने के पूर्व शीलाबाई के तीन भाइयों





राजू,धूमसिंह,रुलसिंह ने मुखाग्नि दी और इस दौरान उनकी आँखों से आंसू टपक रहे थे। इसके बाद मृतका का पूरा परिवार वापस अपने गांव पहुँच गया है। उन्होंने बताया कि उसने सुबह रोटी-सब्जी बना दी थी और जब शौच के लिए जा रही थी तो पीछे से उस पर धोके से कुल्हाड़ी से चार वार किये गए,जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मृतका के परिजनों का कहना है कि शीला सुशील,समझदार एवं उसका चरित्र सरल था और आशंका का कोई सवाल ही नहीं है। इस घटना के बाद से ही मृतका के ससुराल पक्ष का कोई सदस्य मौके पर मौजूद नहीं था और अंतिम संस्कार ग्रामीणों ने किया। थाना प्रभारी सेमलिया गहलोद ने बताया कि आरोपी सुनील को शनिवार गिरफ्तार कर लिया गया है और मामले की विवेचना की जा रही है।

### स्वास्थ्य कर्मचारी संघ प्रांत अध्यक्ष का किया स्वागत



**चापड़ा।** मध्यप्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के उप प्रान्ताध्यक्ष शंकर सिह ठाकुर का छिंदवाडा से इन्दौर प्रवास के दौरान चापडा में कर्मचारी संघ के नन्दकिशोर मोहवाल, अनिल जोशी तथा अन्य कर्मचारियों ने पुष्प माला से स्वागत किया और कर्मचारियो की मांगो को लेकर चर्चा की। ठाकुर ने बताया कि स्वास्थ्य कर्मचारियों की वेतन विसंगति के बारे में जानकारी प्राप्त हुई है। नियमित स्वास्थ्य कर्मचारी (जैसे एएनएम, नर्स, डॉक्टर) कार्यभार की अधिकता, मानसिक तनाव, संसाधनों की कमी, और पदोन्नति में देरी जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। कार्यस्थल पर कर्मचारियों की कमी के कारण ड्यूटी के घंटे बहुत अधिक होते हैं, जिससे तनाव और थकान की समस्या बढ़ रही है। इस दौरान संदीप सिसोदिया, मेहरू वास्केल, राधेश्याम चौहान, राजेश यादव आदि मौजूद रहे ।

### फायर सेफ्टी व वेस्ट मैनेजमेंट की हुई कार्यशाला



**देवास।** नगर निगम स्वच्छ भारत मिशन टीम द्वारा फायर सेफ्टी एवं वेस्ट मैनेजमेंट प्रशिक्षण कार्यशालाओं आयोजित की। कार्यशाला के दौरान ट्रेनर विशाल जोशी व अरुण तोमर द्वारा ए.एस.बी इन्फोटेक कंपनी के कर्मचारियों को आग से बचाव के आधुनिक तरीकों, अग्नि शमन यंत्रों के संचालन और अपशिष्ट के सुरक्षित निपटान के बारे में शिक्षित करना है। ये कार्यशालाएं कार्यस्थल पर सुरक्षा जोखिमों को कम करने और आपदा के समय त्वरित प्रतिक्रिया के लिए आवश्यक कौशल विकसित करने में मदद करती हैं।कार्यशाला के दौरान कार्यस्थल पर फायर सेफ्टी अग्निशामक यंत्रों का सही उपयोग, निकासी योजना, आपातकालीन रिस्पांस और बचाव के साधन के साथ वेस्ट मैनेजमेंट कचरे का उचित प्रबंधन, खतरनाक अपशिष्ट का सुरक्षित भंडारण और निपटान, जो आग के खतरों को कम करता है।कार्यशाला में मॉक ड्रिल और रिफ्रेशर रूल पर विस्तृत बताया समझाया गया, जो सुरक्षा मानकों को बनाए रखने के लिए आवश्यक हैं।

## घर में घुसकर दबंगई करने वाले आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

शरारती तत्वों के खिलाफ कठोरतम कार्यवाही संबंधित अभियान अंतर्गत एएसपी सौम्या जैन एवं एसडीओपी संजय सिंह बैंस के मार्गदर्शन में क्षेत्र की पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है।

इसी क्रम मे युवती के घर में घुसकर मारपीट, तोड़फोड़ एवं गाली गलौच करने करने वाले आरोपी भूरे सिंह पिता मोहनलाल प्रजापति उम्र 36 साल निवासी ग्राम धारुखेड़ी भौरासा को कमलापुर पुलिस ने महज 48 घंटो में गिरफ्तार कर किया।17 मार्च को आरोपी भूरे सिंह प्रजापत के विरुद्ध तलाक के पश्चात अलग होकर अपने माता-पिता के घर ग्राम इस्माइल खेड़ी रह



रही युवती द्वारा शिकायत की गई थी कि वह घर पर अकेली थी और उसका पूर्व पति भूरे सिंह प्रजापत गाली गलौज करते हुए दबंगई के साथ घर में घुस आया और उसके साथ मारपीट की। घटना उपरांत थाना कमलापुर पर अपराध पंजीवद्द कर विवेचना में लिया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कमलापुर उप निरीक्षक सर्जन सिंह मीणा के नेतृत्व में तत्काल कार्यवाही करते हुए आरोपी भूरे सिंह प्रजापत की लगातार तलाश की गई। इसके उपरांत गुरुवार को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। इस सराहनीय कार्य में थाना कमलापुर के प्र.आर. राजेंद्र शर्मा, कोर्ट मुंशी आरक्षक लोकेश मेहरा, आरक्षक विवेक गांगे की महत्वपूर्ण एवं प्रशंसनीय भूमिका रही।

## नर्मदा परिक्रमा यात्री का किया आत्मीय अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

नगर के युवा पीयूष गुप्ता व सुमित खुबानी द्वारा स्वप्रेरणा से 3 हजार किलोमीटर से अधिक की परिक्रमा 111 दिन में पूर्ण कर नगर में आगमन हुआ। इस अवसर पर कालिका मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग से नागर चित्तौड़ा धर्मशाला तक स्वागत यात्रा का निकाली गई। अभिभाषक संघ, जलेश्वर महादेव मंदिर सेवा समिति बरझाई, अभिव्यक्ति मंच, शिक्षक



संघ,अली अखाड़ा, नूरी अंजुमन इस्लामिया कमेटी, व्यापारी संघ,जैन समाज, बोहरा समाज, राठौर समाज आदि द्वारा आत्मीय अभिनंदन किया गया।मुख्य समारोह नागर चित्तौड़ा धर्मशाला में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के अवसर पर प्रवीण चौधरी, सैयद कासम अली,शोभा गोस्वामी, सुर्य प्रकाश गुप्ता, मुकेश गुप्ता, अनुराग गुप्ता, श्यामा तोमर, सरोज जौहरी, जितेन्द्र चावड़ा आदि ने सफल धार्मिक यात्रा पर बधाई दी। समारोह का संचालन वारिस अली ने किया तथा आभार कैलाश गुप्ता ने माना।

### खाकी में आध्यात्मिक शांति का संचार: औद्योगिक थाने पहुंचे विश्वविख्यात दाजी

# 30 मिनट ध्यान कठिन ड्यूटी के लिए मानसिक कवच: दाजी





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

पुलिस के लिए चैत्र नवरात्र पहला दिन गुरुवार विशेष और प्रेरणादायक रहा, जब विश्वविख्यात आध्यात्मिक गुरु कमलेश डी. पटेल 'दाजी' पहली बार थाना औद्योगिक क्षेत्र पहुंचे। उनके आगमन ने खाकी वर्दी में सेवा दे रहे पुलिसकर्मियों के भीतर एक नई ऊर्जा और मानसिक संतुलन का संचार किया।यह आयोजन पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना एवं पुलिस महानिरीक्षक रुचि वर्धन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

वहीं पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया, नगर पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल एवं थाना प्रभारी शशिकांत चौरसिया के समन्वय से कार्यक्रम को सफल बनाया गया।फरवरी 2025 में मध्यप्रदेश पुलिस और हार्टफुलनेस संस्थान के बीच हुए ऐतिहासिक एमओयू के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर यह आयोजन विशेष महत्व का रहा। इस पहल के अंतर्गत प्रदेश के सभी थानों में प्रत्येक रविवार सुबह 10 बजे ध्यान और तनावमुक्ति सत्र आयोजित किए जाते हैं।दाजी ने पुलिसकर्मियों को संबोधित करते हुए बताया कि सप्ताह में 30 मिनट का ध्यान पूरे सप्ताह की ड्यूटी के लिए मानसिक कवच का कार्य करता है। उन्होंने गहन मेडिटेशन सत्र के माध्यम से उपस्थित पुलिस बल को मानसिक संतुलन, भावनात्मक नियंत्रण और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के गुर सिखाए। कार्यक्रम के दौरान दाजी ने पुलिसकर्मियों से संवाद कर उन्हें जीवन में शांति, संयम और सहानुभूति के महत्व को समझाया। कहा कि जब पुलिस भीतर से शांत होंगे, तभी वे जनता की समस्याओं को बेहतर ढंग से समझ पाएंगे। इस अवसर पर थाना परिसर में पौधारोपण भी किया गया, जो पर्यावरण संरक्षण और आंतरिक शांति के बीच गहरे संबंध का प्रतीक बना।

## वर्ष प्रतिपदा के अवसर पर विक्रमोत्सव का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से सृष्टि आरंभ दिवस, वर्ष प्रतिपदा के अवसर पर गुरुवार को विक्रमोत्सव 2026 का आयोजन मल्हार स्मृति मंदिर में किया गया।

इस अवसर पर एडमायर सोसाइटी फॉर थियेटर कल्चरल एंड वेलफेयर सोसायटी भोपाल के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक स्वरूप में सम्राट विक्रमादित्य केंद्रित नाट्य का मंचन किया गया। सूर्य उपासना कार्यक्रम अंतर्गत नगर के प्रमुख मंदिरों एवं स्थलों पर ब्रम्हध्वज स्थापित किए गए।

कार्यक्रम में महापौर गीता अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष लीला अटारिया, विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, परियोजना अधिकारी एवं आयोजन की नोडल स्मिता रावल, उपायुक्त आरती खेड़कर एवं जिला शिक्षा अधिकारी हरिसिंह भारती सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण तथा नागरिकगण उपस्थित थे।